डी.ई.आई. स्वच्छ विश्वविद्यालय 1
स्वतंत्रता दिवस 1
युवा संसद 2
संकाय समाचार 2
एन.सी.सी. 4
एन. एस. एस. 2017 7



दयालबाग़ एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी)
दयालबाग़, आगरा (उ. प्र.)

# डी.ई.आई. समाचार

जुलाई–सितम्बर 2017
अंक 11

## डी.ई.आई. स्वच्छ विश्वविद्यालय

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्वच्छता को लेकर उच्च शिक्षण संस्थाओं की श्रेणी जारी की है। इसमें शिक्षण संस्थानों के परिसरों छात्रावासों की सफाई, कैंटीन की गुणवत्ता के आधार पर अंक प्रदान किए गए। देश भर के विश्वविद्यालयों की रैंकिग में दयालबाग़ शिक्षण संस्थान ने पाँचवां स्थान प्राप्त किया। इसके तहत 3500 शिक्षण संस्थाओं ने हिस्सा लिया। सरकार द्वारा 174 संस्थाओं को विभिन्न कसौटियों पर अन्तिम चरण के लिए चुना गया 25 संस्थाओं को चार श्रेणियों में बाँटकर सरकार ने पुरस्कृत भी किया। स्वच्छता के इस अभियान में डी.ई.आई की एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. इकाईयों द्वारा भी सजग एवं सक्रिय योगदान दिया गया।



नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता रैंकिंग 2017 में चयनित आगरा के दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट को मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने अवार्ड दिया। दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट को यह अवार्ड यूनिवर्सिटी कैटेगरी में दिया गया।

## स्वतंत्रता दिवस

दयालबाग़ विश्वविद्यालय में 71वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अतीव उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 10:00 बजे हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्री एम.ए. पठान पूर्व अध्यक्ष इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन, फॉर्मर ग्रुप रेजिडेंट डायरेक्टर ने ध्वजारोहण किया।

मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर एन.सी.सी. कैडेट्स ने दिया, तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और कॉलेज के छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। विभिन्न रंगों के ध्वज लिए कदम से कदम मिलाते हुए छात्र–छात्राएँ जीतने की चाह में



आगे बढ़ रहे थे। जिसमें लड़कियों में प्रेमविद्यालय प्रथम और लड़कों में टेक्नीकल कॉलेज प्रथम रहे। जिन्हें शील्ड प्रदान की गई। मार्च पास्ट के निर्णायक मण्डल में श्री भास्कर रेड्डी और श्री बी.जी. मल्होत्रा थे। छात्राओं की 3000 मीटर रेस में कला संकाय की कविता शर्मा प्रथम शिक्षा संकाय की प्राची सिंह द्वितीय एवं समाज विज्ञान संकाय की भुवनेश्वरी गौतम तृतीय स्थान पर रहीं। छात्रों में 3000 मी. दौड़ में योगेन्द्र प्रथम, प्रवीण कुमार द्वितीय, एवं महिन्दर सिंह तृतीय रहे। तीनों ही छात्र टेक्नीकल कॉलेज के थे। सभी को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभ–कामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का ध्वज विश्व में फहरे ऐसी हमारी कामना है । संस्थान के निदेशक प्रो0 पी. के. कालड़ा ने छात्र छात्राओं को कर्म का संदेश देते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का चालन डॉ0 कविता रायज़ादा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रेमशंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ0 आनंद मोहन कोषाध्यक्ष श्रीमती स्नेह बिजलानी की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा को वर्धित किया।

## युवा संसद

दयालबाग़ विश्वविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित की गई आंचलिक स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर। आंचलिक स्तर पर डी.ई.आई. विजयी रहा। राष्ट्रीय स्तर पर डी.ई. आई. तृतीय स्थान पर रहा। केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने युवा संसद समूह के सदस्यों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ वक्ताओं का क्रम इस प्रकार रहा प्रथम–अनुभा सिंह, द्वितीय–उदित तिवारी तृतीय–ऋमांशी मुकुन्द, सुषमा झा, संकल्प राय भल्ला, चतुर्थ – सलोनी चित्तौड़िया, प्रतीक भदौरिया, निवेदिता वशिष्ठ। आंचलिक स्तर पर श्रेष्ठ वक्ता रहे प्रथम – ऋमांशी मुकुन्द, द्वितीय–उदित तिवारी, तृतीय–निवेदिता वशिष्ठ, चतुर्थ–अनुष्का श्रीवास्तव, पंचम – अंतरा प्रकाश, षष्ठ– अम्बिका रेड्डी।

## संकाय समाचार

### कला संकाय

- कला संकाय के हिन्दी विभाग द्वारा 2 अगस्त 2017 को प्रेमचन्द और हिन्दी कहानी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को




प्रख्यात आलोचक अजय तिवारी और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक विनोद तिवारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर कहानीकार प्रियदर्शन मालवीय ने अपनी अप्रकाशित कहानी 'ब्लैक होल' का पाठ किया। कथादेश के संपादक श्री हरिनारायण की विशेष उपस्थिति रही। संचालन डॉ. बृजराजकुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रेमशंकर सिंह के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. शर्मिला सक्सेना एवं विभाग के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### संस्कृत दिवस

- 7 अगस्त को कला संकाय के संस्कृत विभाग में संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया, जो कई

चरणों में मनाया गया। इनमें संस्कृत गान, श्लोक गान, संस्कृत नाटक मूक अभिनय आदि प्रस्तुत किए गए। संचालन एम.ए. प्रथम वर्ष की प्रतिष्ठा कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया शोधार्थी भूपेन्द्र कुमार गौतम ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। संस्कृत नाटक 'आधुनिक शकुन्तला' का अभिनय सराहनीय था। सभी सांस्कृतिक गतिविधियों को पुरस्कृत किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. गिरिराज कुमार एवं समस्त संस्कृत विभाग के शिक्षकों की उपस्थिति ने छात्रों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को प्रेरणा प्रदान की।



## हिन्दी दिवस

- 14 सितम्बर को कला संकाय के हिन्दी विभाग में प्रत्येक वर्ष की भांति हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। शोधार्थियों एवं स्नातकोत्तर छात्रों के समक्ष प्रो. शर्मिला सक्सेना एवं विभाग के सभी सदस्यों के द्वारा हिन्दी के आधुनिक स्वरूप एवं देश भर में व्याप्त उसकी स्थिति पर विचार किया गया। छात्राओं द्वारा स्वरचित काव्य पाठ एवं कहानी पाठ ने कार्यक्रम को रोचक बनाया।

- दयालबाग़ शिक्षण संस्थान के कला संकाय के संस्कृत विभाग के शोध छात्र–छात्राओं ने श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, देहली आगरा आयोजित सप्त दिवसीय राष्ट्रीय विचार सागर स्वाध्याय कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला के लिए चार शोधार्थियों का चयन हुआ, जिनमें भूपेन्द्र कुमार गौतम, कीर्ति, मोनिका मीना व नेहा वार्ष्णेय ने प्रतिभागिता की, कार्यशाला का आयोजन 4–10–17 से 10–10–2017 पर्यन्त किया गया।

## समाज विज्ञान संकाय

- प्रोफेसर स्वामी प्रकाश श्रीवास्तव का शोध पत्र **'डिमोनेटाइजेशन इन इण्डिया एण्ड इट्स फ्यूचर इम्पेक्ट ऑन इण्डियन इकोनोमी एस ए जे ओ एस पी एस (सोजोस्प्स)'** आई.एस.एस. एन. 0972–4613, वॉल्यूम में प्रकाशित हुआ।

- प्रोफेसर स्वामी प्रकाश श्रीवास्तव का शोध पत्र **'रोल ऑफ एफ डी आई एन इकोनॉमिक डवलपमेंट ऑफ इंडिया–इश्यूज़ ऑपोरच्यु–निटीज़ एण्ड चेलेन्जेज़ एडवान्सेज इन इकोनोमिक्स एण्ड बिजनेस एण्ड बिजनेस मेनेजमेंट'** आई.एस.एस.एन. 2394–1545, वॉल्यूम–4, अंक–2, में प्रकाशित हुआ।

- प्रोफेसर स्वामी प्रकाश श्रीवास्तव का शोध पत्र **'रोल ऑफ वूमेन इन इण्डियन एग्रीकल्चर इश्यूज एण्ड चेलेन्जेज़,'** जनरल ऑफ एग्रो इकोनॉमी एण्ड नेचुरल रिसोर्स मेनेजमेंट, आई.एस. एस.एन. 2394–0786, वॉल्यूम–4, अंक–1, में प्रकाशित हुआ।

- डॉ. बीरपाल सिंह ठैनुआं का शोध पत्र **'नोटबन्दी का किसानों पर तात्कालिक प्रभाव–उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद के आलू उत्पादक किसानों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन,'** एन्थोलोजी द रिसर्च , आई.एस.एस.एन. 2456–4397, वॉल्यूम 2, अंक 2, (कानपुर) में प्रकाशित हुआ।

## प्रेम विद्यालय

- दिनांक– 20 जुलाई – प्रेम विद्यालय गर्ल्स इण्टर कॉलेज प्रांगण में एन.सी.सी राष्ट्रीय कैडेट कोर के तहत छात्राओं के नामांकन हेतु सी.ओ कर्नल जसवन्त सिंह ने एन.एस.एस. के महत्त्व पर प्रकाश डाला और छात्राओं का उत्साहवर्धन कर प्रेरणा दी। वर्तमान में 55 छात्राओं का नामांकन किया गया।

- दिनांक– 12 अगस्त – स्फीहा द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रेमविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया।
- दिनाक 12 अगस्त – 12 अगस्त सत्र 17–18 में प्रेमविद्यालय जूनियर विंग को डॉरमिट्री में स्थानान्तरित किया गया जिसका उद्घाटन परम पूज्य हुजूर प्रो. प्रेम सरन सत्संगी साहब के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक शब्द पाठ हुआ एवं प्रसाद वितरित हुआ।
- दिनांक 14 सितम्बर 17 – हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रार्थना सभा में छात्राओं द्वारा हिन्दी दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित कविताओं का पाठ किया गया।
- दिनांक – 16 सितम्बर – स्फीहा द्वारा आयोजित डी.ई.आई. सेमिनार हॉल में पर्यावरण संरक्षण हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई तदुपरान्त इसी विषय पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा नाटक प्रस्तुत किए गए। जिसमें प्रेम विद्यालय की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- प्रेम विद्यालय की कु. निहार सत्संगी कक्षा आठ ने राज्य स्तरीय स्केटिंग चैम्पियनशिप 2017 में 100 मी., 200 मी., 300 मी. तथा 400 मी. की स्पीड स्केटिंग रेस के अर्न्तगत 4 गोल्ड मैडल प्राप्त किये। यह प्रतियोगिताएँ बलूनी पब्लिक स्कूल में 12–14 अगस्त को आयोजित हुई।



## एन.सी.सी.

### स्वच्छता पखवाड़ा

महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के लिए डी.ई.आई. की एन. सी. सी. इकाई ने अपना पूर्ण योगदान दिया। इन दौरान कैडेट्स ने प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें यमुना स्वच्छता अभियान, मूर्ति स्वच्छता अभियान, स्वच्छता जागरण रैली तथा स्वच्छ भारत के संकल्प से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पाखवाड़े के उद्घाटन समारोह का आयोजन पोईया घाट पर यमुना स्वच्छता अभियान से किया। इस दौरान एन.सी.सी कैडेट्स ने यमुना नदी के किनारे पर उपस्थित गंदगी का निस्तारण किया, नगला तल्फी से पोईया घाट तक की सड़क के दोनों तरफ उपस्थित गंदगी तथा पोईया घाट स्थित मोक्षधाम में सफाई अभियान चलाया। पखवाड़े का उद्घाटन आगरा ग्रुप के प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश मालीवाल ने किया। अपने उद्बोधन में कर्नल मालीवाल ने कैडेटों से स्वच्छता पाखवाड़े को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत को स्वच्छ बनाना है तो जन–जन में संदेश फैलाना है।

स्वच्छता पाखवाड़े के दौरान एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा सूर सदन चौराहे पर लगी स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा की सफाई की गई।

29 सिंतबर का श्रमदान तथा स्वच्छता के कार्यक्रम में नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी राजेश राणा द्वारा स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर

एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल त्यागी, अंडर ऑफिसर विशाल पचौरी, अंडर ऑफिसर हर्ष मेहता, सार्जेन्ट सचिन शर्मा, सार्जेन्ट सक्षम राज गुप्ता, जलज कुमार, आदि सभी कैडेट्स का सहयोग रहा।

स्वच्छता पाखवाड़े का आयोजन डी.ई.आई. के एन.सी.सी- ऑफिसर लेफ्टिनेंट मनीष कुमार तथा भूतपूर्व एन. सी. सी. ऑफिसर मेजर प्रीतम सिंह के सफल निर्देशन में संपन्न हुआ।

## जागरुकता रैली

30 सितंबर को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन हुआ जिसका उद्देश्य था स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत। रैली नगलापदी से होते हुए स्वामीबाग तक चली जिसमें कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ जिसका उद्देश्य स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत रहा। रैली का आयोजन व नेतृत्व अंडर ऑफिसर विशाल पचौरी द्वारा किया गया।

## आई. जी. सी. 2017

डी. ई. आई के एन. सी. सी. कैडेट्स में से 11 कैडेट्स ने आई. जी. सी. में भाग लिया। जिसमें से 5 कैडेट्स आगे प्री–आर. डी. सी. के लिए चुने गए।

निम्न कैडेट्स प्री–आर. डी. सी. के लिए चुने गए :

1. यू.ओ. रजत त्यागी
2. यू.ओ. अखिल राघव
3. एस.जी.टी. गोपाल उपाध्याय
4. एस.जी.टी. प्रवीन त्यागी
5. अभिषेक मित्तल

## राष्ट्रीय एकता शिविर

डी.ई.आई के 3 कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता शिविर (एन. आई. सी.) में भाग लिया जो बनारस में आयोजित हुआ। 10. दिन के इस शिविर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें हमारे कैडेट्स अव्वल रहे।

## एन. डी. आर. एफ.

डी.ई.आई. टेक्नीकल के ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट मनीष कुमार ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प में भाग लिया जो कि गाज़ियाबाद में आयोजित हुआ साथ ही सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता में हमारे ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट मनीष कुमार को पूरे आगरा ग्रुप के सर्वश्रेष्ठ ए.एन.ओ. की उपाधि प्राप्त हुई।

## डी.ई.आई. कैडेट इंद्रजीत सिकरवार की रूस यात्रा (डी.ई.आई. कैडेट की रूस यात्रा के निजी अनुभव एवं संक्षिप्त यात्रावृत्त)

''यदि आप एन. सी. सी. यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के लिए चयनित होते हैं , तो आप एन. सी. सी. में सबकुछ हासिल कर लेते हैं। कॉलेज में शुरू होने वाले कैडेटों में प्रतिस्पर्धा के साथ , एक कैडेट को यूनिवर्सिटी, ग्रुप, डायरेक्टोरेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है और फिर आखिर में वाई. ई. पी. के लिए चयन किया जाता है। हर एक कैडेट को देश भर के कैडेट्स के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। वाई. ई. पी. में चयनित होना सभी कैडेटों का सपना है। एन. सी. सी. की यह उपलब्धि हर चरण पर खरा उतरने की भारी जिम्मेदारी लाती है।

एन. सी. सी. वाई. ई. पी. , 2017 के लिए चुने



गए 164 कैडेटों में से, सितंबर 24 से अक्टूबर 02 तक मास्को में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने के लिए 15 कैडेटों का चयन हुआ। हमारे दल में भारत के विभिन्न राज्यों के कैडेट शामिल थे , जिनमे 11 लड़के तथा 4 लड़कियां थीं। वाई. ई. पी. के लिए तैयारी डी. जी. एन. सी. सी. , नई दिल्ली में 1 सितंबर, को शुरू हुई। शिविर में हमें ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भारत की प्रस्तुति के लिए तैयार किया गया।



शब्द मेरी भावनाओं को साझा करने में असमर्थ हैं, क्योंकि यह मेरी पहली हवाई यात्रा थी, यह अहसास बहुत ही रोचक था। हमारी बस टर्मिनल टी–3 पर रुकी, जिसके बारे में तब तक मैंने सिर्फ सुना ही था परंतु आज अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वहां होना मेरे लिए एक अलग ही अहसास था। यह एन. सी. सी. ही है जिसने मुझे इस मुकाम तक पहुँचने का अवसर दिया कि मैं आई. सी. ई. पी. आई. (इंटरनेशनल कैडेट एक्सचेंज प्रोग्राम) के तहत भारतीय राजदूत के शीर्षक के साथ विदेश यात्रा कर सकूं।

हमारी कैम्प साइट फुटबॉल मैदान, परेड क्षेत्र और एक मेट्रो स्टेशन से घिरी हुई थी। वहां का आतिथ्य प्रशंसनीय था। हमने विभिन्न रोमांचक गतिविधियों में भाग लिया जिसमें बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण, वॉलीबॉल, रस्साकशी, आइस स्केटिंग, गणितीय बौद्धिक टूर्नामेंट, संयम प्रशिक्षण खोज खेल शामिल थे। दोनों देशों ने अपनी ड्रिल का प्रदर्शन किया, सभी कैडेट्स ने अपने–अपने देशों से संबंधित पीपीटी तथा सांस्कृतिक कार्य को प्रदर्शित किया। भारत की पीपीटी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा गया। हमने मॉस्को शहर के दर्शनीय स्थलों की बस यात्रा भी की, हमारे प्रतिनिधिमंडल के साथ 5वें दिन हम भारतीय दूतावास गए जहां पर हमने भारतीय राजदूत श्री पंकज सरन जी के समक्ष अपने पीपीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रूस ने आई.सी.ई.पी.आई. (इंटरनेशनल कैडेट एक्सचेंज प्रोग्राम) के लिए एक अति उत्तम विदाई की मेजबानी की थी। उन्होंने कैम्प साइट पर हुई सभी वर्गों की ड्रिल के क्षणों को दिखलाया।

मैं आज अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी युवा साथियों को अपनी जिंदगी में सही प्राथमिकताएं चुनने की सलाह देता हूँ क्योंकि हमारी **प्राथमिकताएं और उनकी प्राप्ति के लिए किए गए हमारे सार्थक प्रयास ही हमें लोगों की प्राथमिकता बनाते हैं । ''–इंद्रजीत सिकरवार**





# एन. एस. एस. 2017

दयालबाग़ शिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने पुनः अपने समर्पण अनुशासन का परिचय दिया। भारतीय रेल द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत स्वच्छ रेल अभियान के अंतर्गत अपने सराहनीय कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक और अन्य सहयोगी अधिकारियों द्वारा सराहा गया। मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक श्री एम.एन. ओझा भारतीय रेलवे के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. स्वामी प्रसाद सक्सेना एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन एवं डॉ.रंजीत कुमार के निरीक्षण में कार्य कर रहे डी.ई.आई. के विद्यार्थी स्वयंसेवकों को सराहनीय कार्य के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वाणिज्यिक प्रबंधक रश्मि बघेल एवं उप–वाणिज्यिक प्रबंधक श्री शिव कल्याण भी इस सुअवसर पर उपस्थित थे।

प्रदेश उच्च शिक्षा अधिकारी के अनुदेशों के आधार पर दयालबाग़ शिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निम्न कार्यक्रम आयोजित किए। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा सुबह प्रार्थना के समय वन महोत्सव शपथ समारोह के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं वातावरण संरक्षण की शपथ ली गई साथ ही स्वच्छता और हरियाली के निमित्त डॉ. राजीव के समन्वयन एवं निरीक्षण में डी.ई.आई. के आस–पास वृक्षारोपण भी किया गया। वृक्षारोपण एवं वातावरण संरक्षण माह का 19 जुलाई से 31 अगस्त, के अंतर्गत पूरे माह एन.एस.एस. स्वयं सेवकों ने कठिन परिश्रम का उदाहरण देते हुए डी.ई.आई. परिसर के आस–पास वृक्षारोपण किया गया। सद्भावना सप्ताह 20से 26 अगस्त पं दीन दयाल जयंती समारोह के अंतर्गत 25–अगस्त से 25 सितम्बर तक पं. दीन दयाल के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालने के साथ उन्हें स्मरण करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, अन्तर्राष्ट्रीय ओज़ोन दिवस 16 सितम्बर का भी आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विज्ञान संकाय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था' कॉज़िस एण्ड इफेक्ट्स एण्ड रेमेडीज़ ऑफ ओज़ोन डिप्लीशन' मुख्य वक्ता डॉ. वी. के. शुक्ला प्रदेश अधिकारी केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग, श्री अजयवीर सिंह यादव अधिकारी पर्यावरण एवं समाज कल्याण विभाग ने प्रस्तुत विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। ग्राम सहयोग एवं मुफ्त चिकित्सा शिविर का सतत् आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया जाता है जिसके अंतर्गत निम्न शिविर आयोजित किए गए –

| शिविर संख्या | दिनांक | चिकित्सा केन्द्र | होल इन द वॉल+ सी.आर.सी.+अंग्रेजी बोलना | ग्राम्य सहायता + शिक्षा एवं करियर काउंसलिंग + चौपाल + वोकेशनल ट्रेनिंग | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 172 | 16.07.17 | 408 | 224 | 215 | 847 |
| 173 | 30.07.17 | 477 | 246 | 211 | 934 |
| 174 | 13.08.17 | 533 | 241 | 327 | 1101 |
| 175 | 27.08.17 | 462 | 252 | 224 | 938 |
| 176 | 10.09.17 | 431 | 195 | 234 | 860 |




















## सम्पादकीय मण्डल

संरक्षक : प्रो. पी.के. कालड़ा
परामर्शक : प्रो. आदित्य प्रचण्डिया
सम्पादक : डॉ. नमस्या
सहायक सम्पादक : डॉ. सूरज प्रकाश
डॉ. निशीथ गौड़
सम्पादन सहयोग : डॉ. कविता रायजादा
श्री अमित जौहरी

समाचार संयोजक : डॉ. अशोक यादव
डॉ. अभिमन्यु
डॉ. अनीशा सत्संगी
डॉ. राजीव रंजन
डॉ. बीरपाल सिंह ठेनुआ
डॉ. क्षमा पाण्डेय
श्री मयंक कुमार अग्रवाल
श्री मनीश कुमार
सुश्री प्रेम प्यारी